CMYK

जयपुर ■ सीकर ■ अजमेर ■ अलवर से एक साथ प्रकाशित

‘हर पुरुष की सफलता के पीछे एक स्त्री का हाथ होता है, चाहे वह मां, बहन, पत्नी, दोस्त या फिर कोई ओर हो।’

# मॉर्निंग न्यूज़

दैनिक अपना अखबार

वर्ष 20 अंक : 337 ₹ 4.00 पृष्ठ-8

www.morningnewsindia.com

जयपुर
शुक्रवार 18 अप्रैल, 2025



पेज 8 | स्पोर्ट्स

डॉ. सौम्या गुर्जर ने ली निर्माण शाखा के... | 3

## एक नजर

### वक्फ कानून को लेकर सुप्रीम कोर्ट का अंतरिम आदेश, नियुक्तियां रोकीं

-केंद्र सरकार से 7 दिन में मांगा जवाब, 5 मुख्य आपत्तियों पर होगी सुनवाई

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** वक्फ संशोधन कानून पर गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में दूसरे दिन करीब 1 घंटे सुनवाई हुई। कोर्ट ने केंद्र सरकार को कानून पर जवाब देने के लिए 7 दिन का वक्त दिया है। सरकार के जवाब के बाद याचिकाकर्ताओं को 5



दिन में जवाब देना होगा। अगली सुनवाई 5 मई को दोपहर 2 बजे होगी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि कानून के खिलाफ दायर 70 याचिकाओं की जगह सिर्फ 5 याचिकाएं ही दायर की जाएं। उन्हीं पर सुनवाई होगी। तब तक सरकार को तीन निर्देश मानने होंगे। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि 110 से 120 फाइलें पढ़ना संभव नहीं हैं। ऐसे में ऐसे 5 पॉइंट तय करने होंगे। सिर्फ 5 मुख्य आपत्तियों पर ही सुनवाई होगी। सभी याचिकाकर्ता मुख्य बिंदुओं पर सहमति बनाएं। नोडल काउंसिल के जरिए इन आपत्तियों को तय करें। सीजेआई संजीव खन्ना और जस्टिस पीवी संजय कुमार, जस्टिस केवी विश्वनाथन की बेंच इस मामले पर सुनवाई कर रही है।

### अजमेर दरगाह विवाद हाईकोर्ट में पहुंचा

अंजुमन कमेटी की सिविल कोर्ट में सुनवाई पर रोक की मांग

**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर।** अजमेर में ख्वाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती की दरगाह में शिव मंदिर होने के दावे का मामला हाईकोर्ट तक पहुंच गया है। आज जस्टिस विनोद कुमार भारवानी की कोर्ट में खादिमों की संस्था अंजुमन सैयद जादगान की याचिका (मंदिर के दावे की सुनवाई पर रोक लगे) पर सुनवाई हुई। कमेटी के वकील आशीष कुमार सिंह और वागीश कुमार सिंह ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने इस तरह के किसी भी वाद पर किसी भी कोर्ट में सुनवाई पर रोक लगा रखी है। ये आदेश प्लेसेज ऑफ वर्शिप एक्ट 1991 की कानूनी मान्यता को चुनौती देने वाली याचिका पर दिया गया था। उसके बाद भी अजमेर सिविल कोर्ट इस वाद को सुन रही हैं। ऐसे में इसकी सुनवाई पर रोक लगाई जाए। हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान गुरुवार को केंद्र सरकार की ओर से एडिशनल सॉलिसिटर जनरल आरडी रस्तोगी ने अंजुमन कमेटी की याचिका का विरोध करते हुए कहा कि कमेटी वाद में पार्टी नहीं है। ऐसे में वह हाईकोर्ट में याचिका दायर नहीं कर सकती है।

### बंगाल के 25 हजार शिक्षकों को सुप्रीम कोर्ट से राहत

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** पश्चिम बंगाल शिक्षक भर्ती घोटाले मामले में सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को करीब 26,000 बर्खास्त शिक्षकों को राहत दी है। कोर्ट ने कहा- जिन शिक्षकों की नियुक्ति रद्द हुई है, वे नई चयन प्रक्रिया पूरी होने तक पढ़ाना जारी रख सकते हैं। हालांकि, उनका नाम 2016 के घोटाले मामले में नहीं आया हो। कोर्ट ने कहा कि हम नहीं चाहते कि बच्चों की पढ़ाई कोर्ट के फैसले से बाधित हो। चीफ जस्टिस संजीव खन्ना ने कहा कि बंगाल स्कूल सर्विस कमीशन को 31 मई तक भर्ती प्रक्रिया का नोटिफिकेशन जारी करना होगा। 31 दिसंबर तक चयन प्रक्रिया पूरी हो जानी चाहिए।

### उपमुख्यमंत्री ने आयुर्वेद कॉलेज और आयुष चिकित्सालय का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं में सुधार के दिए निर्देश

**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर।** उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचन्द बैरवा ने गुरुवार को आयुर्वेद कॉलेज, जयपुर एवं राजकीय आयुष चिकित्सालय, प्रतापनगर का औचक निरीक्षण कर यहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और इनमें सुधार



लाने के निर्देश दिए। निरीक्षण में अस्पताल में रोगियों को औषधि वितरण में अव्यवस्था और साफ-सफाई की कमी मिली। पेयजल का वाटर

» शेष पृष्ठ 6 पर

---

ब्रह्माकुमारीज संस्था के सुरक्षा सेवा प्रभाग के राष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ

# सुरक्षा बलों के त्याग और तपस्या के कारण ही हम सुरक्षित हैं : शाह

## गृह मंत्री बोले-जवान माइनस 46 डिग्री टेंपरेचर से लेकर प्लस 46 डिग्री टेंपरेचर में अपने जीवन का स्वर्णकाल देकर करते हैं सीमाओं की सुरक्षा



**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर**

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा है कि सशस्त्र बलों के सुरक्षा कर्मियों के त्याग-तप और बलिदान के कारण आज हम सुरक्षित हैं। माइनस 46 डिग्री टेंपरेचर से लेकर प्लस 46 डिग्री टेंपरेचर के अंदर हमारी सीमाओं की सुरक्षा वे अपने जीवन का स्वर्णकाल देकर करते हैं।

गृह मंत्री शाह गुरुवार को सिरोही के आबूरोड स्थित ब्रह्मकुमारीज हैडक्वार्टर शांतिवन में आयोजित सुरक्षा बल के कर्मियों के लिए आंतरिक जागृति के माध्यम से आत्म-सशक्तीकरण विषयक राष्ट्रीय संवाद के शुभारम्भ के अवसर पर संबोधित कर रहे थे। उन्होंने सुरक्षा कर्मियों के मन, आत्मा और शरीर को शांति का मार्ग प्रशस्त करने की दिशा में कार्य करने के लिए ब्रह्माकुमारीज संस्था को साधुवाद दिया। केन्द्रीय गृहमंत्री ने कहा कि योग और अध्यात्म से मन-बुद्धि, शरीर और आत्मा को एकरूप करके ज्ञान से प्रगति के रास्ते पर मानवता को आगे ले जाने की भारत की बहुत पुरानी परंपरा है। हम इस परंपरा को आज भी समग्र विश्व में पहुंचाने के लिए प्रयासरत हैं। वसुधैव कुटुंबकम की भावना, विश्व को सबसे पहले भारत ने दी।

**आजादी की शताब्दी तक हर क्षेत्र में सर्वोच्च स्थान पर पहुंचने का लक्ष्य :** शाह ने कहा कि आज देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व में पांचवें नंबर का अर्थतंत्र बना है। कुछ ही सालों में देश विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। उन्होंने कहा कि » शेष पृष्ठ 6 पर

### शाह देश की सुरक्षा और विकास के दर्शन के प्रमुख शिल्पी : भजनलाल

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपने संबोधन में केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री का स्वागत करते हुए कहा कि यशस्वी केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह देश की सुरक्षा और विकास के दर्शन के प्रमुख शिल्पी हैं। वे सशक्त भारत के निर्माण के लिए देश की सुरक्षा नीति के कुशल सारथी होने के साथ देश की आध्यात्मिक चेतना और सांस्कृतिक मूल्यों के भी संवाहक हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह जी के नेतृत्व देश की आंतरिक सुरक्षा, संवैधानिक सुधारों और राष्ट्रीय अखंडता को सशक्त करने वाले कई ऐतिहासिक निर्णय लिए गए हैं। अनुच्छेद-370 का स्थायी समाधान कश्मीर घाटी में शांति, नवाचार और प्रगति की नींव रखने वाला

» शेष पृष्ठ 6 पर

# अदालतें राष्ट्रपति को आदेश नहीं दे सकतीं : धनखड़

## उपराष्ट्रपति बोले-जज कर रहे हैं सुपर संसद की तरह काम, अनुच्छेद 142 न्यूक्लियर मिसाइल बन गया

*नई दिल्ली ( एजेंसी )*

*उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट की उस सलाह पर आपत्ति जताई, जिसमें उसने राष्ट्रपति और राज्यपालों को बिलों को मंजूरी देने की समय सीमा तय की थी।*

*धनखड़ ने कहा कि अदालतें राष्ट्रपति को आदेश नहीं दे सकतीं। उन्होंने कहा कि संविधान का अनुच्छेद 142 के तहत कोर्ट को मिला विशेष अधिकार लोकतांत्रिक शक्तियों के खिलाफ 24×7 उपलब्ध न्यूक्लियर मिसाइल बन गया है। जज सुपर पार्लियामेंट की तरह काम कर रहे हैं। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने 8 अप्रैल को तमिलनाडु गवर्नर बनाम राज्य सरकार के केस में गवर्नर के अधिकार की ‘सीमा’ तय कर दी थी। जस्टिस जेबी*



*पारदीवाला और जस्टिस आर महादेवन की पीठ ने कहा था, ‘राज्यपाल के पास कोई वीटो पावर नहीं है।’ सुप्रीम कोर्ट ने सरकार के 10 जरूरी बिलों को राज्यपाल की ओर से रोके जाने को अवैध भी बताया था।*

### जस्टिस वर्मा केस में एफआईआर क्यों नहीं हुई?

राज्यसभा के प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि हमारे पास ऐसे न्यायाधीश हैं जो कानून बनाएंगे, जो कार्यकारी कार्य करेंगे, जो सुपर संसद के रूप में भी कार्य करेंगे। उनकी कोई जवाबदेही नहीं होगी, क्योंकि देश का कानून उन पर लागू नहीं होता है। लोकतंत्र में चुनी हुई सरकार सबसे अहम होती है और सभी संस्थाओं को अपनी-अपनी सीमाओं में रहकर काम करना चाहिए। कोई भी संस्था संविधान से ऊपर नहीं है। जस्टिस वर्मा के घर अधजली नकदी मिलने के मामले में अब तक एफआरआर क्यों नहीं हुई? क्या कुछ लोग कानून से ऊपर हैं। इस केस की जांच के लिए सुप्रीम कोर्ट ने तीन जजों की इन-हाउस कमेटी बनाई है। इसका कोई » शेष पृष्ठ 6 पर

---

# सोने की कीमत ने तोड़े अब तक के सभी रिकॉर्ड

10 ग्राम स्टैंडर्ड सोने की कीमत 97,800 पर पहुंची, चांदी भी महंगी



**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर।** सोने की कीमत ने गुरुवार को अब तक के सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में जारी उठा-पटक के बाद भारतीय बाजार में स्टैंडर्ड सोने की कीमत अपने ऑल टाइम हाई के शिखर पर पहुंच गई है। इसके बाद राजस्थान के सर्राफा बाजार में 10 ग्राम स्टैंडर्ड सोने की कीमत 97 हजार 800 के आंकड़े पर आ गई है। वहीं चांदी की कीमत में भी बढ़ोतरी हुई है। जिसके बाद 1 किलो चांदी की कीमत 98 हजार 200 रुपए के आंकड़े पर पहुंच गई है।

जयपुर सर्राफा कमेटी की ओर से जारी भाव के अनुसार जयपुर में 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 97 हजार 800 रुपए पर आ गई है। 22 कैरेट प्रति 10 ग्राम सोने की कीमत 91 हजार रुपए पहुंच गई है। सोना 18 कैरेट 79 हजार 100 रुपए प्रति दस ग्राम और 14 कैरट 64 हजार 500 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। वहीं, चांदी रिफाइन की कीमत 98 हजार 200 रुपए प्रति किलो तक पहुंच गई है।

### सराफा व्यापारी बोले-बैंक भी गोल्ड में निवेश कर रहे

*सर्राफा व्यापारी शैलेंद्र सिंह ने बताया कि फिलहाल दुनियाभर में अस्थिरता का माहौल है। जिसकी वजह से दुनियाभर में निवेशकों के साथ ही सरकारी बैंक भी सोने में निवेश कर रहे हैं। यही कारण है कि सोने की कीमत रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई है, अगर आने वाले दिनों में इसी तरह के हालात रहे तो 10 ग्राम स्टैंडर्ड सोने की कीमत एक लाख रुपए के आंकड़े को छू सकती है। वहीं चांदी की कीमत भी फिर से एक लाख रुपए को पार कर सकती है।*

# भाजपा के नए अध्यक्ष का एक हफ्ते में हो सकता है फैसला

## नड्डा की जगह कौन होगा, अमित शाह के घर हुई अहम बैठक, अभी 8 दावेदार

**नई दिल्ली ( एजेंसी )**

भाजपा के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष को लेकर बुधवार को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के आवास पर अहम बैठक हुई। सूत्रों के मुताबिक एक हफ्ते के भीतर पार्टी अध्यक्ष के चुनाव की घोषणा हो सकती है। बैठक में कर्नाटक, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल और मध्य प्रदेश जैसे राज्यों के अध्यक्षों के नामों पर चर्चा हुई है। अगले दो-तीन दिनों में करीब आधा दर्जन राज्यों के अध्यक्षों की घोषणा हो सकती है। इसके बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष की चुनाव प्रक्रिया 20 अप्रैल के बाद कभी भी शुरू हो सकती है। अभी 8 दावेदारों के नाम चर्चा में है। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, राष्ट्रीय



महासचिव सुनील बंसल, केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी, झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष वानति श्रीनिवासन, आंध्रप्रदेश भाजपा अध्यक्ष डी. पुरंदेश्वरी आदि शामिल हैं।

पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव जनवरी में होना था, लेकिन अप्रैल आधा बीत जाने के बाद भी नहीं हो सका है। जेपी नड्डा जनवरी, 2020 से राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में काम कर रहे हैं। पार्टी संविधान के मुताबिक उनका कार्यकाल जनवरी, 2023 में खत्म हो गया, लेकिन लोकसभा चुनाव समेत कई बड़े चुनावों के मद्देनजर उनका कार्यकाल आगे बढ़ा दिया गया।

**विपक्षी नैरेटिव की काट खोज रही भाजपा :** भाजपा के एक नेता ने कहा कि जो भी राष्ट्रीय अध्यक्ष बनेगा 2029 का लोकसभा

» शेष पृष्ठ 6 पर

### नई टीम में महिलाओं को 33 प्रतिशत जगह संभव

भाजपा के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि नए अध्यक्ष की घोषणा के बाद राष्ट्रीय परिषद व कार्यकारिणी में 33 प्रतिशत तक सीटें महिलाओं को दिए जाने का प्लान है। संसदीय बोर्ड और केंद्रीय चुनाव समिति में महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ेगा। पार्टी के विभिन्न संगठनों में भी महिला भागीदारी बढ़ेगी।

### आरएसएस चाहता है समर्पित युवाओं को मौका मिले

आरएसएस इस पर सहमति चाहता है कि भाजपा सहित सभी आनुषांगिक संगठनों में विचारधारा के प्रति समर्पित युवाओं को तरजीह मिले। वैचारिक रूप से अलग होने के बावजूद विचारधारा और संगठन के प्रति समर्पण जिम्मेदारी देने का एकमात्र पैमाना हो। पहली कतार के नेता ऐसा फ्रेम वर्क दें, जिससे कार्यकर्ता विकल्प बन सकें। यह व्यवस्था राष्ट्रीय अध्यक्ष या उनकी टीम तक नहीं, बल्कि कार्यकारिणी और राष्ट्रीय परिषद तक में हो।

---

पार्बती-कालीसिंध-चम्बल लिंक परियोजना | नवनेरा बैराज से फीडर निर्माण कार्य भी होगा शुरू

# चम्बल नदी पर बनेगा 2.3 किमी लम्बा एक्वाडक्ट

मुख्यमंत्री के प्रयासों से निर्माण के लिए राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड से मिली स्वीकृति

**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के भागीरथी प्रयासों से महत्वाकांक्षी संशोधित पार्बती-कालीसिंध-चम्बल लिंक परियोजना को समयबद्ध पूर्ण करने के लिए मिशन मोड पर कार्य किए जा रहे हैं। परियोजना के प्रथम चरण के अंतर्गत 9 हजार 400 करोड़ रुपए के कार्यादेश दिए जाकर योजना की क्रियान्विति शुरू हो गई है। इसके प्रथम चरण के पैकेज-2 में चम्बल नदी को पार करने के लिए 2330 करोड़ रुपए लागत से 2.3 किमी लम्बा एक्वाडक्ट बनेगा। यह एक छोर में पीपलदा समेल गांव और दूसरे छोर में गोहाटा गांव से जुड़ेगा। एक्वाडक्ट के माध्यम से कालीसिंध से पानी लिफ्ट कर मेज नदी में छोड़ा जाएगा। साथ ही, नवनेरा बैराज से



मेज एनीकट तक फीडर निर्माण कार्य भी शीघ्र शुरू होगा। इसके लिए आवश्यक 328 हैक्टेयर भूमि अवाप्ति का अवार्ड शीघ्र जारी कर प्रभावितों को जल्द नियमानुसार मुआवजा दिया जाएगा।

एक्वाडक्ट निर्माण में वन्यजीव सुरक्षा की दृष्टि से राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड से स्वीकृति प्राप्त हो गई है। साथ ही, 24.05 हैक्टेयर वन भूमि प्रत्यावर्तन की कार्यवाही अंतिम चरण में है। कार्यस्थल पर संबंधित एजेंसी द्वारा कैम्प स्थापित कर लिया गया है। चम्बल एक्वाडक्ट के लिए कास्टिंग यार्ड, बैचिंग प्लांट इत्यादि का निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है। कार्यों की मजबूती के लिए सर्वे और अनुसंधान पूर्ण कर डिजायन/ड्राइंग तैयार कर ली गई है।

**जीवनदायिनी परियोजना से 17 जिलों को मिलेगा पानी :** मुख्यमंत्री के निर्देशन में ईआरसीपी को वृहद रूप देते हुए लगभग 90 हजार करोड़ रुपए लागत की संशोधित पीकेसी-ईआरसीपी एकीकृत योजना तैयार की गई है। परियोजना के प्रथम चरण में राज्य के 17 जिलों को पेयजल सुविधा के » शेष पृष्ठ 6 पर

### गर्मी के कारण जैसलमेर के स्कूलों में 8वीं तक के छात्रों का टाइम बदला

**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर।** राजस्थान में कमजोर पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से मौसम में बदलाव देखने को मिल रहा है। बीकानेर में गुरुवार दोपहर में 10 मिनट तक बारिश हुई। बुधवार रात को उदयपुर, झुंझुनूं, सीकर और दौसा जिले में बारिश दर्ज की गई। सीकर में गुरुवार सुबह करीब साढ़े 6 बजे भी कुछ देर के लिए बरसात हुई। जयपुर, नागौर और भीलवाड़ा में गुरुवार सुबह से बादल छाए रहे, जिससे कभी धूप-कभी छांव की स्थिति बनी रही।

मौसम विज्ञान केन्द्र जयपुर ने गुरुवार को भरतपुर, जयपुर और अजमेर संभाग में दोपहर बाद आंधी चलने, बादल छाने और कहीं-कहीं हल्की बारिश होने की संभावना जताई है। वहीं दूसरी ओर, बाड़मेर और जैसलमेर जिले में हीटवेव चलने का रेड अलर्ट जारी किया है। भीषण गर्मी को देखते हुए जैसलमेर में सभी » शेष पृष्ठ 6 पर